वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 4 दिसम्बर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

महिला सुरक्षा पर विधान सभा में हो विशेष चर्चा: ABVP

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महिलाओं के खिलाफ बढती बलात्कार तथा शोषण की घटनाओं के विषय पर देशभर की सभी विधानसभाओं तथा विधानपरिषदों में विशेष चर्चा आयोजित कर केवल कानून बनाने से आगे बढ़कर कदम बढ़ाने की माँग करती है।

राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने हैदराबाद घटना के पश्चात अपने आंदोलन के अगले क्रम में इस अभियान की जानकारी रखते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढती बलात्कार तथा शोषण की घटनायें चिंतनीय हैं। ऐसी घटनाएं महिला सुरक्षा के विषय पर सम्पूर्ण समाज का चिंतन और समाधान के लिए स्पष्ट भूमिका के विषय में विचार की आवश्यकता प्रकट करती हैं। इस हेतु यह आवश्यक है कि महिला सुरक्षा के विषय पर समाज में जागरूकता लाई जाए ताकि ऐसी दुर्घटनाओं पर पूर्णविराम लगे।

महिला सुरक्षा के विषय पर गहन चर्चा हो इसके लिये देशभर की विधानसभाओं में विशेष सत्र बुलाया जाये और कानून से आगे बढकर, कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर, शिक्षा के माध्यम से जागरूकता लाना, समाज में चर्चा विमर्श से सामाजिक सुरक्षा की दिशा में सामूहिकता से जिम्मेदारी मानकर काम करने की आवश्यकता हैं। इस हेतु अभाविप राज्यों में राज्यपाल, विधानसभा/विधान परिषद अध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन देगी। साथ ही प्रदेशों में महिला आयोग को सामाजिक विमर्श एवं मिशन साहसी जैसे स्वरक्षा के अभियानों को प्रोत्साहित करने हेतु कदम उठाने की माँग भी करेगी।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)